# दादी जी की पुण्य स्मृति को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी का 16वां पुण्य स्मृति दिवस टी.पी. नगर में स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र के विश्व सद्भावना भवन में मनाय गया। इस दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस इवसर पर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री छ.ग. शासन जयसिंह अग्रवाल तथा अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं जमनीपाली सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी बिन्दू दीदी, और स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रूक्मणी दीदी उपस्थित थी। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व श्रद्धासुमन अर्पित कर दादी जी को श्रद्धांजलि दी। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जी ने दादी जी के 16वां पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर कहा कि आज के दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है दादी जी ने लगभग 42 साल प्रशासिका के रूप में जन जन तक आध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाया। प्रेम व वात्सल्य से परिपूर्ण दादी जी अपने श्रेष्ठ जीवन से लोगो को सकारात्मक मार्ग पर चलने की लिए प्रेरित करती रही है। दादी जी का आर्शीवाद सदा सबको मिलता रहें। ऐसी दादी जी को सत् सत् नमन व श्रद्धासुमन अर्पित करते है। महापौर राजकिशोर प्रसाद जी ने कहा कि दादी जी अपने नाम के स्वरूप ही न कि सिर्फ भारत वर्ष में बल्कि पूरे विश्व में आध्यात्मिकता का अलख जगाया। दादी जी के जीवन में मधुरता, सरलता व सहजता का भाव स्पष्ट दिखाई देता था। इतनी बड़ी जिम्मेंदारियों को सरलता से निभाते हुए सभी को बच्चे के समान ममता व पालना दी। ब्रह्माकुमारी बिंदू दीदी ने कहा कि दादी को मॉ कहा जाता था क्योंकि वो स्नेह की प्रतिमुर्ति थी। दादी जी हमेंशा सबका ध्यान रखती थी। दादी जी संस्था की चीफ होते भी कभी उनको अभिमान नही था। वे सदा अपने निमित्त समझते हुए हर कार्य को संभालती रही। दादी जी को कोई सलाह भी देता था तो स्वयं निर्माण होकर सहज स्वीकार करती थी। उनकी निर्मल वाणी सभी को परमात्मा से जोड़ने वाली थी। ब्रह्माकुमारी रूक्मणी दीदी ने कहा कि जिस प्रकार दादी जी संपन्न व सम्पूर्ण थी उसी प्रकार हम सभी भी अपने जीवन को श्रेष्ठ संपन्न बनाने का संकल्प ले यही दादी जी को पुण्य स्मृति दिवस में सच्ची श्रद्धांजलि है। मंच संचालन का कार्य संस्था की ओर से शेखर सिंह जी ने किया। साथ ही रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रूक्म्णी दीदी ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जी को व महापौर राजकिशोर प्रसाद जी को रक्षासूत्र बाधा व मुख मीठा कराया। अतिथियों ने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. के.सी. देबनाथ, रश्मि शर्मा, डॉ. सब्बरवाल. कमल कर्माकर, एस. मुर्ति. लवलीन गॉधी तथा संस्था के भाई –बहने उपस्थि थे।